# भारतीय शिक्षा बोर्ड
# मॉडल प्रश्न पत्र - अर्धवार्षिक परीक्षा
# हिंदी - कक्षा 6
# सत्र : 2025-26

**निर्धारित समय:** 3 घंटा **अधिकतम अंक**: 80

**निर्देश:**

- प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न पत्र में 07 मुद्रित पृष्ठ हैं।
- प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए अतिरिक्त 10 मिनट का समय दिया गया है। इस दौरान छात्र केवल प्रश्न पत्र पढ़ेंगे।
- प्रश्न पत्र में कुल चौदह प्रश्न है और सभी प्रश्न अनिवार्य है।
- इस प्रश्न पत्र में चार खण्ड हैं :
- खण्ड - क : प्रश्न संख्या 1 एवं 2, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- खण्ड - ख : प्रश्न संख्या 3, 4, 5 एवं 6, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- खण्ड - ग : प्रश्न संख्या 7 के लिए 5 अंक, प्रश्न संख्या 8 के लिए 6 अंक, प्रश्न संख्या 9 के लिए 9 अंक, प्रश्न संख्या 10 के लिए 5 अंक, प्रश्न संख्या 11 के लिए 6 अंक एवं प्रश्न संख्या 12 के लिए 9 अंक निर्धारित किये गये हैं।
- खण्ड - घ : प्रश्न संख्या 13 एवं 14, प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित किये गये हैं।

---

## खंड–क (बहुविकल्पी प्रश्न)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** **(1×5=5)**

आज की भागती दौड़ती जिन्दगी से मुस्कराहट तो न जाने कहाँ खो गई है। कुछ दशक पहले तक तो लोग एक-दूसरे को देखते ही एक सुंदर-सी मुस्कराहट के साथ अभिवादन करते थे, किन्तु आज दशा यह है कि किसी पहचान वाले को देखते ही व्यस्तता को मुखौटा लगाकर अभिवादन की प्रक्रिया से स्वयं को बचाकर सुरक्षित निकलना ही बहादुरी का कार्य समझते हैं। जबकि मुस्कुराहट एक ऐसी औषधि है जो मनुष्य को बिना किसी दाम के मिली है, यह उसके शारीरिक एवं मानसिक रोगों का उपचार करने में पूर्णतः सक्षम है। जो व्यक्ति मुस्कुराकर दिन की शुरुआत करता है वह निश्चय ही सारे दिन ऊर्जावान रहता है, वह बिना किसी तनाव के सारे कार्य कुशलता से पूर्ण कर पुनः अगले दिन के लिए नए कार्यों को पूरा करने की कुशल रणनीति

बना, निश्चिन्त हो सो जाता है। पुनः नई ऊर्जा, नए विशवास के साथ दिन का शुभारम्भ करता है और सफलता प्राप्त करता है। ऐसे व्यक्ति का सानिध्य सभी लोग चाहते हैं, उसकी एक छोटी सी मुस्कुराहट के कारण ज्यादा से ज्यादा लोग उसके समीप आने का प्रयास करते हैं। ठीक इसके विपरीत अनायास ही खीजने वाले व्यक्ति से हर कोई दूरी बनाना पसंद करता है, हर कोई उससे बचना चाहता है। पुरानी कहावत है कि प्रसन्न वदन के दर्शन मात्र से ही समस्त कार्य पूर्ण हो जाते हैं। सचमुच मुस्कराहट अनमोल होती है एक छोटी सी मुस्कुराहट से बड़े-बड़े कार्य सहजता से सम्पन्न हो जाते हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि एक छोटी-सी मुस्कुराहट कितने काम की है।

**(1) उपर्युक्त गद्यांश में जीवन की किस अनमोल औषधि के बारे में बताया है ?**

(क) व्यायाम (ख) शरीर और मन

(ग) परिवार (घ) मुसकुराहट

**(2) सच्ची मुसकान का दूसरों पर कैसा प्रभाव पड़ता है ?**

(क) समस्त कार्य अधूरे रहते हैं (ख) सानिध्य नहीं मिलता

(ग) सब समीप सब आना चाहेंगे (घ) उससे खीझने लगेंगे

**(3) आजकल के लोग अभिवादन की प्रक्रिया से क्यों बचना चाहते हैं ?**

(क) पहचान छिपाने के लिए (ख) मुस्कुराना भूल जाने के कारण

(ग) अधिक व्यस्तता के कारण (घ) उपर्युक्त विकल्प उचित नहीं

**(4) एक सुकून भरी नींद के लिए सर्वाधिक आवश्यक क्या है ?**

**(5) गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है ?**

**प्रश्न 2. निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए -** **(1×5=5)**

हे ग्राम देवता ! नमस्कार।
सोने चांदी से नहीं किंतु ,मिट्टी से तुमने किया प्यार।
हे ग्राम देवता ! नमस्कार
जन कोलाहल से दूर,कहीं एकांकी सिमटा सा निवास
रवि शशि का उतना नहीं कि जितना प्राणों का होता प्रकाश
श्रम वैभव के बल पर करते हो जड़ में चेतन का विकास
दानों – दानों से फूट रहे सो सो दानों के हरे हाथ
यह है न पसीने की धारा यह गंगा की धवल धार

है ग्राम देवता ! नमस्कार
जो गतिशील सभी ऋतु में , गर्मी वर्षा हो या की ठंड
जग को देते हो पुरस्कार,देकर अपने को कठिन दंड।
झोपड़ी झुका कर तुम अपनी,ऊंची करते हो राज द्वार
हे ग्राम देवता ! नमस्कार।

**(1) रवि शशि का प्रकाश फीका क्यों पड़ जाता है ?**

(क) ग्राम देवता रवि और शशि के साथ मिलकर काम करता है।

(ख) ग्राम देवता के कठिन प्रश्रिम के कारण।

(ग) रवि और शशि ग्राम देवता के गांव में नही रहते।

(घ) रवि और शशि के प्रकाश का महत्व नहीं है।

**(2) ग्राम देवता से कवि का क्या अभिप्राय है ?**

(क) जमींदार

(ख) ईश्वरी शक्ति

(ग) कृषक (किसान)

(घ) गांव के रहने वाले साधु

**(3) कवि ने पसीने की धारा को क्या माना है।**

(क) श्रम बिंदु

(ख) गर्मी का परिणाम

(ग) एक समस्या

(घ) गंगा का पावन जल

**(4) ग्राम देवता जग को क्या पुरस्कार देता है ?**

**(5) प्रस्तुत पद्य के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?**

## खंड - ख (व्याकरण)

**प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1×5=5)**

(1) शंकर बुद्धिमान बालक है - *रेखांकित शब्द में संज्ञा का भेद बताइए–*

(2) बहुत प्यास लगी है - *संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए–*

(3) वह सामने खड़ा है - *सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए –*

(4) मैं अपना काम स्वयं करता हूँ - *रेखांकित शब्द सर्वनाम का कौन-सा भेद है ?*

(5) सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

**प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1×5=5)**

(1) भाषा के कौन-से रूप होते हैं ?

(2) भाषा की सबसे छोटी इकाई कौन-सी होती है ?

(3) स्वर और व्यंजन में क्या अंतर होता है ?

(4) 'नासिका' शब्द तत्सम है या तद्भव ?

(5) 'मयूर'शब्द का तद्भव रूप लिखिए।

**प्रश्न 5. निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए -** **(1×5=5)**

(1) संज्ञा के ________________ भेद होते हैं।

(2) ________________ और ________________ भाषा की दो महत्वपूर्ण इकाइयाँ हैं।

(3) सन्यासी कुटिया में रहता है ________________ कुटिया शब्द का भेद बताइए।

(4) राजा- ________________ (उचित स्त्रीलिंग शब्द भरिए)।

(5) जीवन और ________________ ईश्वर के हाथ में होती है। रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए।

**प्रश्न 6. निम्नलिखित कथनों के सामने सत्य और असत्य लिखिए-** **(1×5=5)**

(1) संज्ञा के तीन भेद होते हैं -

(2) संज्ञा के स्थान पर प्रयोग होने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं -

(3) इतिहास+इक--ऐतिहासिक – यह शब्द सही लिख गया है -

(4) पाप का विलोम पुण्य नहीं होता -

(5) खेत शब्द का तत्सम रूप क्षेत्र होता है -

## खंड - ग (पाठ्यपुस्तक)

**प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

जुम्मन बोले - यह अलगू चौधरी की इच्छा पर निर्भर है। यह रियायत करें, तो उनकी भलमनसी। अलगू चौधरी फूले न समाए। उठ खड़े हुए और जोर से बोले-पंच-परमेश्वर की जय ! इसके साथ ही चारों ओर से प्रतिध्वनि हुई-पंच परमेश्वर की जय ! यह मनुष्य का काम नहीं, पंच में परमेश्वर वास करते हैं, यह उन्हीं की महिमा है। पंच के सामने खोटे को कौन खरा कह सकता है?

थोड़ी देर बाद जुम्मन अलगू के पास आए और उनके गले लिपटकर बोले-भैया, जब से तुमने मेरी पंचायत की तब से मैं तुम्हारा प्राण-घातक शत्रु बन गया था, पर आज मुझे ज्ञात हुआ कि पंच के पद पर बैठकर न कोई किसी का दोस्त है, न दुश्मन। न्याय के सिवा उसे और कुछ नहीं सूझता। आज मुझे विश्वास हो गया कि पंच की जबान से खुदा बोलता है। अलगू रोने लगे। इस जल से दोनों के दिलों का मैल धुल गया। मित्रता की मुरझाई हुई लता, फिर हरी हो गई।

(1) **प्रस्तुत अंश कौन-से पाठ में से लिया गया है** (1)

(क) पंच परमेश्वर

(ख) ईदगाह

(ग) योग के यंग

(घ) मनुष्यता

**(2) प्रस्तुत पाठ के लेखक का नाम क्या है-** (1)

(क) कमलेश्वर

(ख) प्रेमचंद

(ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(घ) डॉ ओम निश्चल

**(3) शत्रु शब्द का विलोम लिखिए।** (1)

**(4) पाँच-परमेश्वर की कौन-सी विशेषता का वर्णन किया गया है ?** (2)

**प्रश्न 8. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए -** (2×3=6)

(1) ब्राह्मण ने पांडवों से क्या खोजने का निवेदन किया ?

(2) राजा को अपनी कौन-सी गलती का एहसास हुआ ?

(3) राम प्रसाद बिस्मिल परमात्मा से क्या प्रार्थना करते हैं ?

(4) सिद्धार्थ के जन्म के समय ज्योतिषियों ने क्या भविष्यवाणी की थी ?

**प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -** (3×3=9)

(1) योग करे निरोग-इस विषय को ध्यान में रखते हुए योग के लाभ बताइए।

(2) यक्ष और युधिष्ठिर संवाद की कहानी को अपने शब्दों में लिखिए।

(3) जुम्मान और उनकी पत्नी के द्वारा खाला की खातिरदारी करने के क्या कारण था ?

(4) ध्यानवस्था किसे कहते हैं और इसके क्या लाभ हैं ?

**प्रश्न 10. निम्नलिखित दोहों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -**

चाह नहीं मै सुरबाला के गहनों में गूँथा जाऊँ
चाह नहीं,प्रेमी-माला में बिंध प्यारी को ललचाऊँ ,
चाह नहीं देवों के सिर पर चढ़ूँ भाग्य पर इठलाऊँ ।
मुझे तोड़ लेना बनमाली उस पथ पर देना तुम फेंक,
मातृभूमि पर शीश चढ़ाने जिस पथ जाएँ वीर अनेक ।।

**(1) प्रस्तुत कविता के कवि का नाम दिए गए विकल्पों में से चुन कर लिखिए -** **(1)**

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) सूरदास

(ग) माखनलाल चतुर्वेदी

(घ) सुमित्रानंदन पंत

**(2) यह कविता किस विषय पर आधारित है दिए गए विकल्पों में से चुन कर लिखिए -** **(1)**

(क) फूल के जीवन पर

(ख) देशभक्ति की भावना पर

(ग) कवि की सोच पर

(घ) पर्यावरण की रक्षा पर

**(3) अभिलाषा - शब्द का अर्थ लिखिए।** **(1)**

**(4) कविता का संदेश लिखिए।** **(2)**

**प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में दीजिए-** **(2×3=6)**

(1) आदिवासियों पर अत्याचार कौन कर रहा था ?

(2) कवि ने किसकी मृत्यु को सु मृत्यु माना है ?

(3) पृथ्वी अपने को धन्य कब मानती है ?

(4) भगवान राम ने अपने रथ का पहिया किसे माना है ?

**प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर विस्तार से दीजिए-** **(3×3=9)**

(1) मनुष्यता कविता के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते है ?

(2) राम-विभीषण संवाद की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

(3) आदिवासियों का असल धन किसे कहा गया है ?

(4) आदिवासियों के जीवन में जंगल का क्या महत्व है ?

## खंड घ - (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं का प्रयोग करते हुए लगभग 120-130 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए -** **(5)**

**(1) जल को बचाना है**

- **संकेत बिन्दु** - जीवन और जल
- मानवीय गतिविधियों का दवाब
- जल-सरंक्षण के उपाय

**(2) जब तक काम नहीं हो जाता, कठिन लगता है**

- **संकेत बिन्दु** - असंभव कुछ भी नहीं
- लगन,दृढ़ इच्छा शक्ति और समर्पण
- सफलता का स्वाद

**(3) चले गाँव की ओर**

- **संकेत बिन्दु** - भारत – गाँवों का देश
- गाँवों में हो रहा विकास
- गाँव की संस्कृति और सभ्यता

**प्रश्न 14. अपने विद्यालय के वार्षिक उत्सव की विशेषताएँ बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।** **(5)**

**अथवा**

**आप अपने माता-पिता के साथ शिमला जाना चाहते हैं, अतः तीन दिनों के अवकाश के लिए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।**